भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.03.2023

### श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा बने आरेडिका के नये महाप्रबंधक

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने 17.03.2023 को महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया।

श्री पी के मिश्रा 1986 बैच के भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनीयरिंग सेवा के अधिकारी हैं। लगभग तीन दशकों से अधिक भारतीय रेलवें में अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। इससे पूर्व में श्री मिश्रा आरेडिका के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने से पहले आसनसोल, मालदा एवं अलीपुरद्वार डिवीजन के डीआरएम एवं दक्षिण पश्चिमी रेलवे में एजीएम आदि पदों पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं।

इनके नेतृत्व में रिकार्ड लोड़िग, कमाई और समग्र सुधार के लिए आसनसोल डिवीजन को लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ डिवीजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री मिश्रा पर्यावरण ,रेलवे हेरीटेज एवं सांस्कृतिक विकास के लिए विशेष प्रयास किए हैं इनके कार्यकाल में मालदा डिवीजन एवं आसनसोल डिवीजन ने अभूतपूर्व विकास किया और पर्यावरण एवं हेरीटेज के क्षेत्र में एक नई पहचान कायम की।

श्री मिश्रा ने रेलवे विरासत पर गहन शोध किया और रेलवे विरासत, नेतृत्व प्रबंधन एवं डीजल लोको रखरखाव जैसे तकनीकी विषयों पर लेख लिखे हैं इन्होने भारतीय रेलवे विरासत पर कई पुसतकों का लेखन किया है, जिसमें दक्षिण मराठा रेलवे का इतिहास, भारत के पश्चिम पुर्तगाली गारंटी रेलवे का इतिहास, परामर्श इंजीनियर, रेल और कोयला, संथाल क्रान्ति और ईआईआर शामिल हैं।

17/03/2023

( आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी